

आओ हाथ से हाथ मिलाएँ,
बेसिक शिक्षा का मान बढ़ाएँ..



# मिशन शिक्षण संवाद

## SUPER FAST

# काव्यांजलि

## मिशन शिक्षण संवाद

## मई 2025



संकलन कर्ता :- राज कुमार शर्मा, चित्रकूट



शिक्षा का उत्थान
मिशन शिक्षण संवाद
शिक्षक का सम्मान।



दिनांक
01-05-2025

काव्यांजलि
2507

दिन
गुरुवार

आपका दिन शुभ हो।

# नैतिक शिक्षा

आओ सीखें हम अच्छी बातें,
जो अच्छा बालक हमें बना दें।
पढ़ना लिखना अच्छा काम,
दुनिया को हम दिखला दें।।

नैतिक शिक्षा

बड़ों का करें हम सम्मान,
छोटों को खूब दुलार दें।
जैसा चाहें हम औरों से,
वैसा ही उनसे व्यवहार करें।।

समय से पढें, समय से खेलें,
इस बात का हम रखें ध्यान।
समय से करें भोजन अपना,
रखें अपनी सेहत का ध्यान।।


छोटे-छोटे काम स्वयं करें,
साफ सफाई पर जोर रहे।
सेवा भाव मन में हो भरा,
अपनी अच्छाई का शोर रहे।।

रचना- ज्योति सागर' सना (स०अ०)
पी एम श्री उ० प्रा० वि० सिसाना (1-8)
बागपत, बागपत

शिक्षा का उत्थान, मिशन शिक्षण संवाद, शिक्षक का सम्मान।



शिक्षा का उत्थान
मिशन शिक्षण संवाद
शिक्षक का सम्मान।
काव्यांजलि 2508
दिनांक 02.05.2024
दिन शुक्रवार



आपका दिन शुभ हो।

पाठ- 3

कक्षा 3, विषय- हमारा परिवेश

# परिवेशीय पेड़-पौधे

तरह-तरह के फूल और पत्ती,
तरह-तरह के होते फल।
पहचानें  हम पेड़- पौधों को,
देख कर ये सारे लक्षण।।



सबसे पहले पत्तियाँ पहचानें,
गोल, नुकीली, लम्बी, छोटी जानें।
देखें किनारे, आकार और प्रकार,
पेड़-पौधों के होते अनेकों प्रकार।।

लम्बाई में जो हो ज्यादा,
पेड़ वो कहलाते हैं।
छोटे होते जो आकार में,
पौधे वो बन जाते हैं।।



नरम, मुलायम तने अगर तो,
शाक उन्हें हम कहते हैं।
कठोर, मजबूत तना पाए तो,
विशाल वृक्ष कहलाते हैं।।

रचना-
डॉक्टर नीतू शुक्ला (प्र०अ०)
मॉडल प्राइमरी स्कूल बेथर 1
सिकंदरपुर कर्ण, उन्नाव

शिक्षा का उत्थान, मिशन शिक्षण संवाद, शिक्षक का सम्मान।



शिक्षा का उत्थान
मिशन शिक्षण संवाद
शिक्षक का सम्मान।



दिनांक
03.05.2025

# काव्यांजलि
2509

दिन
शनिवार

आपका दिन शुभ हो।

कक्षा-1, विषय- हिन्दी, पाठ-05

## मिठाई

गधे का मन था खाये मिठाई,
मित्रो को यह बात बतायी।
भालू बोला शहद को खाओ,
गधे ने कहा इसे दूर हटाओ।।



एक दिन गधे का मन मिठाई खाने का हुआ।

फिर खरगोश जल्दी से आया,
साथ में अपने गाजर लाया।
बोला खाओ गाजर ताजी,
गधा बोला न जी, न जी।।



नन्ही चींटी गुड़ को लायी,
गधे ने न की मुण्डी हिलायी।
हाथी मीठा गन्ना लाया,
गधे को गन्ना न भाया।।

जब गिलहरी का आम न खाया,
तब बिल्ली ने हलवाई बताया।
गधे को यह बात पसन्द आयी,
मिलकर सबने खाई मिठाई।।

रचना- शहनाज बानो (स०अ०)
उच्च प्रा० वि० भौंरी
मानिकपुर, चित्रकूट



# काव्यांजलि

2510

दिनांक 05 मई 2025

दिन सोमवार

आपका दिन शुभ हो।


पाठ- 6

विषय- विज्ञान

कक्षा- 7

## पौधों में पोषण (प्रकाश संश्लेषण)

क्लोरोफिल से हरा रंग है,
मैं जीवन का सहारा।
देखो बच्चों! मुझसे मिलकर,
जीवन किसी का न हारा।।




H20 को जड़ से लेता,
जाइलम बनता सहारा।
वायु से लेता Co2,
खुद बनाता भोजन सारा।।

सौर ऊर्जा से लेता रोशनी,
प्रकाश संश्लेषण क्रिया द्वारा।
वायु में देता ऑक्सीजन,
जो बनती जीवन का सहारा।।

क्लोरोफिल पत्ती से ले,
भोजन सारे वृक्षों को दे देती है।
यही प्रक्रिया प्रतिदिन चलकर,
हमको जीवन दे देती है।।

रचना
भगवती (स०अ०)
स० वि० मन्स्या कला
सादाबाद, जनपद- हाथरस



शिक्षा का उत्थान
मिशन शिक्षण संवाद
शिक्षक का सम्मान।
दिनांक 06/05/2025
काव्यांजलि
2511
दिन मंगलवार
आपका दिन शुभ हो।


कक्षा - 6

विषय - विज्ञान भारती

पाठ-3 (पदार्थों का पृथक्करण)

प्रकरण- क्रोमैटोग्राफी

देखें हम रोज भिन्न वस्तुएँ,
जो दिखतीं हमको रंगीन।
मूल रंग की करें पहचान,
सीखें नया कुछ होकर लीन।।



नीले रंग की होती स्याही,
किन रंगों से बना है नीला।
क्रोमैटोग्राफी से जानें,
रंगों की जानें हम लीला।।

चॉक में स्याही लगाकर,
पानी में हम करें खड़ा।
कई रंगों की पट्टी देखें,
पानी जब चॉक पर चढ़ा।।

स्याही दिखती केवल नीली,
कई रंगों से बनती है।
रंग पृथक्करण की विधि,
क्रोमैटोग्राफी कहलाती है।।

रचना - नीतू सिंह (प्र०अ०)
प्रा०वि० समोखर,
निधौली कलां, एटा



शिक्षा का उत्थान
# मिशन शिक्षण संवाद
शिक्षक का सम्मान।



दिनांक
07.05.2025

## काव्यांजलि
2512

दिन
बुधवार

आपका दिन शुभ हो।

कक्षा- 6 **अपना स्थान स्वयं बनाइए** विषय- हिन्दी



राजा खोजे एक सेवक,
मन्त्री से फिर वो बोला।
खोज के लाया मन्त्री,
पर राजा का मन डोला।।

कम पैसों पर राजा ने,
उसे काम पर फिर रखा।
काम-काज से युवक ने,
गड़बड़ी को फिर परखा।।




बड़े जतन से फिर उसने,
दफ्तर को खूब सँवारा।
झूठे मन्त्रियों ने मिलकर,
राजा को किया इशारा।।

जाँच परखकर राजा ने,
निष्कर्ष यही निकाला।
मन्त्री सारे बेईमान हैं,
पर युवक बहुत निराला।।

रचना-
सुषमा त्रिपाठी (स०अ०)
उ० प्रा वि० खजनी (रुद्रपुर)
क्षेत्र- खजनी,जनपद- गोरखपुर



शिक्षा का उत्थान
मिशन शिक्षण संवाद
शिक्षक का सम्मान।



दिनांक 08-05-2025

# काव्यांजलि

2513


दिन गुरुवार

आपका दिन शुभ हो।

## विषय- गणित, (कक्षा- 8)

## इकाई- 2, वर्ग और वर्गमूल

### वर्गमूल ज्ञात करना




जो संख्या दी गई है पहले,
गुणनखण्ड करते अभाज्य हैं।
जो नहीं किसी संख्या से कटती,
उसको कहते हम अभाज्य हैं।।

फिर जो अभाज्य हैं गुणनखण्ड,
उनके हम खण्ड समान करें।
अब समान खण्डों के जोड़े,
बनाके तब हम आगे बढ़ें।।

हर जोड़े से इक अभाज्य हम,
गुणनखण्ड चुन लेते हैं।
इन चुने हुए खण्डों का गुणफल,
हम तब फिर कर देते हैं।।

गुणफल यही धनात्मक वर्गमूल,
दी संख्या का होता है।
वर्गमूल के चिह्न बदलकर,
भी, ज्ञात वर्गमूल होता है।।

रचना
जुगल किशोर त्रिपाठी (शि०मि०)
प्रा० वि० बम्हौरी (कम्पोजिट)
ब्लॉक- मऊरानीपुर (झाँसी)

शिक्षा का उत्थान, मिशन शिक्षण संवाद, शिक्षक का सम्मान।



शिक्षा का उत्थान
मिशन शिक्षण संवाद
शिक्षक का सम्मान।



दिनांक
09 मई
2025

# काव्यांजलि
2514

दिन
शुक्रवार

आपका दिन शुभ हो।

कक्षा- 7

हमारा भूमण्डल

पाठ- 8

## विषुवत रेखीय प्रदेश (सदाबहार वन)



विषुवत रेखीय प्रदेश में,
पाये जाते हैं सदाबहार वन।
अधिक गर्मी-वर्षा के कारण,
सदैव रहते हैं हरे-भरे ये वन।।



वन, घने और बहुत ऊँचे होते,
नीचे होती इनके घनी लताएँ।
उगते झाड़ी, घास, जंगली फूल,
वन को लपेटे रहती हैं लताएँ।।

होता है इतना घना ये वन,
पृथ्वी पर न पहुँचती किरण।
ऊँचे, बहुत ऊँचे होते हैं वृक्ष,
छू न पाती पृथ्वी सतह किरण।।

रबड़, सिनकोना, रोजवुड,
मिलते आबनूस-महोगनी वृक्ष।
सिनकोना से बनती कुनैन दवा,
बहुत कीमती हैं सारे वृक्ष।।

रचना-
रुखसाना बानो (स०अ०)
कम्पोजिट विद्यालय अहरौरा
जमालपुर, मीरजापुर

शिक्षा का उत्थान, मिशन शिक्षण संवाद शिक्षक का सम्मान।




शिक्षा का उत्थान
मिशन शिक्षण संवाद
शिक्षक का सम्मान।
काव्यांजलि
2515
दिनांक 10 मई 2025
दिन शनिवार



आपका दिन शुभ हो।

विषय- हिन्दी, कक्षा- 2, पाठ- 11

# बैंगनी जोजो




जोजो नाम का कुत्ता एक,
श्वेत रंग का, बड़ा ही नेक।
पेड़ के नीचे सोकर जागा,
तन में थें बैंगनी धब्बे अनेक।।

भौं! भौं! कर के भौंक रहा है,
बादल से वह पूछ रहा है।
बादल बोला मैं तो सफ़ेद,
अब सूरज को देख रहा है।।

बोला सूरज ने मैं पीला,
कौआ कहता मैं हूँ काला।
गुब्बारा तो लाल रंग का,
हरी हूँ हरी घास ने बोला।।

ऊँ, ऊँ रोये जोजो बेचारा,
देखा पेड़ के नीचे नजारा।
टप-टप-टप कर जामुन टपकी,
अहा, इसी ने मुझे रंग डाला।।



रचना:-
पुष्पा पटेल (प्र०अ०)
प्रा० वि० संग्रामपुर,
क्षेत्र व जनपद - चित्रकूट

# काव्यांजलि 2516

दिनांक 12/05/2025
दिन सोमवार
कक्षा-8


आपका दिन शुभ हो।

विषय- गणित


## इकाई- 18, क्षेत्रमिति (मेंसुरेशन)

## लम्ब वृत्तीय बेलन का सम्पूर्ण पृष्ठ

जब आयत को उसकी एक,
भुजा के परितः घुमाया जाता।
इस प्रकार निर्मित आकृति को,
लम्ब वृत्तीय बेलन कहा जाता।।




घुमाते जिस भुजा के परितः,
होती वो बेलन की ऊँचाई।
बेलन के आधार की परिधि,
होती आयत की चौड़ाई।।




समान त्रिज्या के दो वृत्त,
हैं दो समतल, एक वक्रपृष्ठ।
इन दोनों पृष्ठों का योग ही,
होता बेलन का सम्पूर्ण पृष्ठ।।

समतल पृष्ठों का क्षेत्रफल $2\pi r^2$ है,
वक्रपृष्ठ का क्षेत्रफल $2\pi rh$ है होता।
बेलन के सम्पूर्ण पृष्ठ का,
सूत्र, $2\pi r(h + r)$ है होता।।

रचना-
सुमन सिंह (स०अ०)
उ० प्रा० वि० बिल्ली
वि० क्षे०- चोपन, सोनभद्र



काव्यांजलि
2517

दिनांक
13 मई 2025

दिन
मंगलवार

आपका दिन शुभ हो।

पाठ- 16
भाग- 01

कक्षा -4 विषय- नागरिकशास्त्र (पर्यावरण)

# स्थानीय स्वशासन



जब किसी स्थान का शासन,
वहाँ के लोगों द्वारा किया जाता है।
प्यारे बच्चों! ऐसे शासन को,
स्थानीय स्वशासन कहा जाता है।।

गाँव की समस्याओं के निराकरण,
हेतु पंचायती व्यवस्था की जाती है।
यह पंचायती राज व्यवस्था फिर,
तीन स्तरों में बाँटी जाती है।।


ग्राम पंचायत के प्रमुख को,
ग्राम प्रधान कहलाता है।
वह पानी स्वास्थ्य और शिक्षा की,
ग्रामीण क्षेत्र में व्यवस्था करता है।।

कई ग्राम पंचायत को मिलकर,
क्षेत्र पंचायत बनाई जाती है।
जिला पंचायत जिले के ग्रामीण,
विकास की समीक्षा करती है।।

रचना-
मृदुला वर्मा (स०अ०)
प्रा० वि० अमरौधा प्रथम
क्षेत्र- अमरौधा, जनपद- कानपुर देहात

शिक्षा का उत्थान, मिशन शिक्षण संवाद, शिक्षक का सम्मान।





दिनांक 14 मई 2025

# काव्यांजलि 2518

दिन बुधवार

पाठ- 10


आपका दिन शुभ हो।

कक्षा- 8 विषय- भूगोल (पृथ्वी और हमारा जीवन)

## टैगा प्रदेश

पचास डिग्री उत्तरी, अक्षांश के उत्तर में।
टैगा प्रदेश है पड़ता, उत्तरी गोलार्द्ध में।।

विस्तार उत्तरी अमेरिका में,
अलास्का से लेब्रोडोर।
यूरेशिया में फिनलैण्ड से,
साइबेरिया का पूर्वी छोर।।



मानचित्र सं. १०.१ विश्व मानचित्र पर टैगा प्रदेश

जलवायु है विषम यहाँ की,
शीतऋतु कठोर होती।
बर्फीली आँधियाँ हैं चलतीं,
हिमपात होती रहती।।

बर्खोयांस्क शीत ध्रुव है जो,
इसी प्रदेश में ही स्थित।
वर्षा वर्ष भर प्राय: होती,
शंकुल वन जाते हैं दिख।।

साइबेरिया में टैगा कहते,
ऐसे वनों के विभिन्न प्रकार।
बोरियल वन भी कहते इनको,
लकड़ी बहुत मुलायमदार।।

रचना-
अरविन्द कुमार सिंह (स०अ०)
प्रा० वि० धवकलगंज
बड़ागाँव, वाराणसी

शिक्षा का उत्थान, मिशन शिक्षण संवाद, शिक्षक का सम्मान।



# काव्यांजलि

दिनांक 15-05-2025

2519

दिन गुरुवार

आपका दिन शुभ हो।

## विषय- गणित, (कक्षा- 7)

## इकाई- 4, रचनाएँ

### ज्यामिति पढ़ने का उद्देश्य

शुद्ध और सही आकृतियों को,
सही बनायें जब हम बच्चों।
दी गयी सूचना के आधार पर,
इनके नाम बहुत हैं बच्चों।।



रेखाखण्ड, किरणें, रेखाएँ,
त्रिभुज, चतुर्भुज और हैं वृत्त।
यही ज्यामिति पढ़ने का,
उद्देश्य याद रखना अपरमित।।

दैनिक जीवन में व्यवहारिक,
ज्ञान की पड़े जरुरत जब।
मन्दिर, मस्जिद, गुरुद्वारा अरु,
बड़े भवन निर्माण में तब।।

विज्ञान और प्रौद्योगिकी क्षेत्र में,
इसका अति महत्व, उपयोग।
ज्यामितीय रचना विधि से हम,
करते इनका हैं सदुप्रयोग।।

रचना
जुगल किशोर त्रिपाठी (शि०मि०)
प्रा० वि० बम्हौरी (कम्पोजिट)
ब्लॉक- मऊरानीपुर (झाँसी)



शिक्षा का उत्थान
# मिशन शिक्षण संवाद
शिक्षक का सम्मान।



दिनांक
16 मई
2025

काव्यांजलि
2520

दिन
शुक्रवार

आपका दिन शुभ हो।

विषय- हिन्दी, कक्षा- 2, पाठ- 08

## तीन दोस्त




बात है पुरानी,
तीन मित्रों की कहानी।
लाल, पीले, नीले की,
बातें हैं सुनानी।।

लाल हैं टमाटर, चेरी,
सूरज की किरणे हैं पीली।
नीला हैं आकाश, समुन्दर,
बारिश भी हैं नीली।।


नये दोस्त की करने खोज,
निकल पड़े तीनों एक रोज।
नीला-पीला चलते साथ,
रंग नारंगी लाये खोज।।

पीला, नीले के संग आया,
मित्र हरा उन्होंने पाया।
लाल-नीले से बना बैंगनी,
दुनिया को रंगीन बनाया।।



रचना:-
पुष्पा पटेल (प्र०अ०)
प्रा० वि० संग्रामपुर,
क्षेत्र व जनपद - चित्रकूट

शिक्षा का उत्थान
मिशन शिक्षण संवाद
शिक्षक का सम्मान।



दिनांक
17 मई 2025


काव्यांजलि
2521

दिन
शनिवार

आपका दिन शुभ हो।

कक्षा - 03 पाठ- 08
विषय- पंखुड़ी

# वाराणसी की यात्रा



उत्तर प्रदेश में एक जिला,
वाराणसी है आता।
पौराणिक नगरी है ये,
सबके मन को भाता।।

टन-टन बजती घण्टी,
मन्दिर में होती आरती।
गंगा के किनारे बसा शहर,
काशी कहें या वाराणसी।।
दशाश्वमेध घाट के क्या कहने,
कितना सुन्दर है नजारा।
बैठे हम नाव में जब,
अद्भुत लगता दृश्य ये सारा।।



कहीं शहनाई की उठती गूँज,
बिस्मिल्लाह खाँ की याद दिलाती।
नौका विहार के समय हमें,
कहीं धूप तो कहीं छाँव आ जाती।।


रचना:-
सुधांशु श्रीवास्तव (स०अ०)
प्राथमिक विद्यालय मणिपुर
ऐरायां, फ़तेहपुर



शिक्षा का उत्थान

# मिशन शिक्षण संवाद

शिक्षक का सम्मान।



दिनांक
19 मई
2025

## काव्यांजलि
## 2522

दिन
सोमवार

आपका दिन शुभ हो।


हमारा भूमण्डल

पाठ- 8

कक्षा- 7

## विषुवत रेखीय प्रदेश (मानव जीवन)

वनस्पति-जीवों से है भरा-पूरा,
पर आसान नहीं जीवन यहाँ।
स्वास्थ्य के लिये है हानिकारक,
नम व गर्म है जलवायु यहाँ।।



जनसंख्या है विरल और कम,
प्रकृति प्रधान है जीवन पद्धति।
नदियों के किनारे बसे हैं लोग,
रहते यहाँ आदिवासी जनजाति।।




अमेजन घाटी में 'बोरो' कहते,
जायरे घाटी में कहते हैं 'पिग्मी'।
मलाया में कहते हैं 'सेमांग',
काला रंग और चपटी नाक होती।।

घुँघराले बाल-मोटे होते होंठ,
छोटी आँखे, छोटा कद है होता।
पेड़ों पर रहते मचान बनाकर,
मुख्य भोजन माँस है होता।।

रचना-
रुखसाना बानो (स०अ०)
कम्पोजिट विद्यालय अहरौरा
जमालपुर, मीरजापुर

शिक्षा का उत्थान, मिशन शिक्षण संवाद, शिक्षक का सम्मान।





दिनांक 20/05/2025

# काव्यांजलि 2523

दिन मंगलवार

कक्षा-8

आपका दिन शुभ हो।

विषय- गणित

इकाई- 3, घनमूल

# पूर्ण घन संख्याओं का घनमूल

घनमूल पूर्ण घन संख्याओं के,
गुणनखण्ड विधि से सीखिए।
ऋणात्मक व धनात्मक दोनों,
घनमूल, संख्याओं के देखिए।।

दी गयी संख्या का पहले,
अभाज्य गुणनखण्ड कीजिए।
समान गुणनखण्डों के 3-3 के,
त्रिक (समूह) बना लीजिए।।

प्रत्येक त्रिक से अब आप,
एक गुणनखण्ड लीजिए।
फिर गुणा आपस में इन,
गुणनखण्डों का कीजिए।।

प्राप्त गुणनफल संख्या का,
अभीष्ट घनमूल जानिए।
घनमूल ज्ञात करने हेतु ये,
क्रिया-पद अनुसरण कीजिए।।

| | |
|---|---|
| 2 | 1728 |
| 2 | 864 |
| 2 | 432 |
| 2 | 216 |
| 2 | 108 |
| 2 | 54 |
| 3 | 27 |
| 3 | 9 |
| | 3 |

गुणनखंड विधि से घनमूल

$\sqrt[3]{9261}$ का घनमूल निकालना सीखें

(अभाज्य गुणनखंड विधि से)

| | |
|---|---|
| 3 | 9261 |
| 3 | 3087 |
| 3 | 1029 |
| 7 | 343 |
| 7 | 49 |
| 7 | 7 |
| | 1 |

$9261 = \overline{3\times3\times3}\times\overline{7\times7\times7}$

$\sqrt[3]{9261} = 3\times7 \rightarrow 21$ Ans

आसानी से:-

रचना- सुमन सिंह (स०अ०)
उ० प्रा० वि० बिल्ली
वि० क्षे०- चोपन, सोनभद्र





दिनांक
21 मई
2025

# काव्यांजलि
2524

दिन
बुधवार

आपका दिन शुभ हो।

कक्षा- 6, विषय- सामाजिक विषय

## केन्द्र शासित प्रदेश प्रदेश एवं उनकी राजधनियाँ

| केंद्रशासित प्रदेश | राजधानी |
|---|---|
| दिल्ली | नयी दिल्ली |
| चंडीगढ़ | चंडीगढ़ |
| जम्मू और कश्मीर | श्रीनगर |
| लद्दाख | लेह |
| लक्षद्वीप | कवरत्ती |
| पुदुचेरी | पुदुचेरी |
| अण्डमान व निकोबार द्वीप समूह | पोर्ट-ब्लेयर |
| दादरा और नगर हवेली दमन और दीव | दमन |

पुदुचेरी की पुदुचेरी,
दिल्ली की नई दिल्ली।
चण्डीगढ़ की चण्डीगढ़,
राजधानी है अलबेली।।

जम्मू और कश्मीर की,
दो-दो हैं राजधानी।
ग्रीष्म काल में श्रीनगर,
और शीत में जम्मू सुहानी।।

अण्डमान और निकोबार हैं,
द्वीपसमूह बड़े सुन्दर।
वैसे ही इनकी राजधानी,
जानो पोर्ट ब्लेयर।।

दादरा नगर हवेली की व,
दमन दीव की जानों।
राजधानी है दमन कहाये,
लेह लद्दाख की मानो।।



रचना:-

राज कुमार शर्मा (प्र०अ०)
उच्च प्राथमिक विद्यालय चित्रवार
क्षेत्र- मऊ, जनपद- चित्रकूट

शिक्षा का उत्थान
# मिशन शिक्षण संवाद
शिक्षक का सम्मान।



दिनांक 22/05/2025

## काव्यांजलि
2525

दिन गुरुवार


आपका दिन शुभ हो।

कक्षा - 6

विषय - विज्ञान भारती

पाठ-8 (जन्तुओं की संरचना व कार्य)
प्रकरण- आँख

देखें जिससे सुन्दर दुनिया,
रंग, प्रकाश और अंधकार।
दृश्येन्द्रिय भी कहते इनको,
आँख हैं इनसे करते प्यार।।





नेत्र कोटरों में स्थित होती,
और वहाँ सुरक्षित रहतीं।
बाहर से दिखे पाँचवाँ भाग,
पलकें इनकी सहायक होतीं।।

उत्तल लेंस के जैसे होती,
प्रतिबिम्ब बनाती आँख के अन्दर ।
उसी चित्र को मनुष्य देखे,
धरती हो या हो फिर अम्बर।।

कर सकते हैं दान इन्हें हम,
मरने के आठ घण्टे के अन्दर।
प्रत्यारोपित हों तीन दिन में,
उम्र का कोई भी ना अन्तर।।

रचना - नीतू सिंह (प्र०अ०)
प्रा०वि० समोखर,
निधौली कलां, एटा



शिक्षा का उत्थान
मिशन शिक्षण संवाद
शिक्षक का सम्मान।



दिनांक
23 मई
2025

काव्यांजलि
2526

दिन
शुक्रवार

आपका दिन शुभ हो।

कक्षा- 3, विषय- हमारा परिवेश, भाग- 1

# हमारा परिवार



चित्र में देखो प्यारे बच्चों!
प्यारा सा मधु का परिवार।
दादी, दादा, माँ अरु पिता,
भाई के संग प्यारा संसार।।

दादा जी बाजार जा रहे,
शक्कर, नमक, तेल लाने।
माँ बोली सुन लो बाबूजी!
पेन, धागे हैं मँगवाने।।

मधु दादा का हाथ पकड़ कर,
खुशी-खुशी बाजार चली।
पेन्सिल बॉक्स उसे लेना है,
दादाजी के साथ चली।।

दादी जी के दवा का पर्चा,
घर पर ही है छूट गया।
लेकर दवा मेडिकल से,
मोनू तब घर लौट गया।।



रचना:-
मंजू शर्मा "माधुरी" (स०अ०)
प्रा० वि० नगला जगराम
ब्लॉक- सादाबाद, हाथरस

शिक्षा का उत्थान
मिशन शिक्षण संवाद
शिक्षक का सम्मान।
दिनांक
24 मई 2025
काव्यांजलि
2527
दिन
शनिवार
आपका दिन शुभ हो।
पाठ- 16
भाग- 02

कक्षा -4 विषय- नागरिकशास्त्र (पर्यावरण)

# नगर निकाय

छोटे नगरों की व्यवस्था हेतु,
नगर पंचायत गठित की जाती है।
बड़े नगरों की देखभाल के लिए,
नगर पालिका परिषद बनायी जाती है।।



अधिक आबादी वाले क्षेत्रों में,
नगर निगम बनाये जाते है।
जिसके मुखिया का चुनाव मे,
वयस्क नागरिक भाग ले पाते हैं।।

नगर पंचायत की प्रमुख को,
अध्यक्ष कहा जाता है।
नगर निगम के प्रमुख के पद को,
मेयर नाम से सम्बोधित किया जाता है।।

नगर में शिक्षा, पानी और स्वास्थ्य,
सफाई की व्यवस्थाएँ करते हैं।
नगर विकास की योजनाओं पर,
सभी मिलकर कार्य करते हैं।।

रचना-
मृदुला वर्मा (स०अ०)
प्रा० वि० अमरौधा प्रथम
क्षेत्र- अमरौधा, जनपद- कानपुर देहात



शिक्षा का उत्थान

# मिशन शिक्षण संवाद

शिक्षक का सम्मान।



दिनांक
26 मई 2025

## काव्यांजलि
2528

दिन
सोमवार

आपका दिन शुभ हो।

कक्षा- 06, विषय- विज्ञान
इकाई- 06


## जीव जगत (भाग-01)

सजीवों में होती है देखो,
जैविक क्रियाएँ अनेक।
पाचन, प्रजनन, श्वसन,
गति आदि विशेष।।

जो भोजन पचता नहीं,
होता है उनका निष्कासन।
अपशिष्ट हैं कहलाते ये,
क्रिया यह कहलाती उत्सर्जन।।
अन्तः या वाह्य उद्दीपन होने से,
शरीर द्वारा होती अनुक्रिया।
संवेदनशीलता इसे हैं कहते,
सब जीवों में होती यह क्रिया।।

गर्म वस्तु पर हाथ पड़े तो,
झट से हाथ हटाये।
हल्की सी तेज आहट पर,
बैठी चिड़िया उड़ जाये।।

उत्सर्जन तंत्र




रचना:-
सुधांशु श्रीवास्तव (स०अ०)
प्राथमिक विद्यालय मणिपुर
ऐरायां, फ़तेहपुर



शिक्षा का उत्थान, मिशन शिक्षण संवाद, शिक्षक का सम्मान।



शिक्षा का उत्थान

मिशन शिक्षण संवाद

शिक्षक का सम्मान।



दिनांक 27.05.2025

# काव्यांजलि

2529

दिन मंगलवार

आपका दिन शुभ हो।

कक्षा-1, विषय- हिन्दी, पाठ-03

## रीना का दिन

रीना जैसे अच्छे बन जाओ,
सुबह सवेरे तुम उठ जाओ।
अपना बिस्तर स्वयं लगाओ,
स्वच्छता को तुम अपनाओ।।



रीना देखो स्कूल है जाती,
माँ को अपने गले लगाती।
रास्ते पर दीपा है मिलती,
सुप्रभात उससे वह करती।।

टीचर उसकी कक्षा में आएँ,
पहले सब बच्चे मुस्काएँ।
रीना खूब मन लगाकर पढ़ती,
थोड़ी सी शरारत भी करती।।

रीना जब स्कूल से आती,
सारी बातें दादी को बताती।
रीना रात को जल्दी सो जाती,
अच्छी बच्ची वह कहलाती।।

रचना- शहनाज बानो (स०अ०)
उच्च प्रा० वि० भौंरी
मानिकपुर, चित्रकूट

शिक्षा का उत्थान, मिशन शिक्षण संवाद शिक्षक का सम्मान।





# काव्यांजलि

2530

दिनांक
28 मई 2025

दिन
बुधवार

आपका दिन शुभ हो।

कक्षा- 5
विषय- प्रकृति
पाठ- 6

## प्रकृति संरक्षण



तपती धरती को ठण्डक पहुँचाएँ,
आओ मिल सब धरा को बचाएँ।
प्रति दिवस एक पौधा लगाएँ,
आओ मिल सब ये संकल्प उठाएँ।।



वन, नदियाँ, पर्वत और सागर,
हैं ये वसुधा के सारे आभूषण।
इनके संरक्षण की अलख जगाएँ,
जल संचय का अभियान चलाएँ।।

मस्त झोकें पवन के जब आते,
राग जीवन का मधुरिम सुनाते।
प्राण वायु यही हैं बहायें,
जिससे तन-मन मधुर गीत गायें।।

वन उपवन की शोभा निराली,
झूमे पत्ता और जब डाली-डाली।
खेत-खलिहान सब लहलहायें,
देखो हरियाली ना मिटने पाये।।



*रचना🙏🏻*
डॉ० शालिनी गुप्ता (स०अ०)
उ० प्रा० वि० मुर्धवा (1-8)
म्योरपुर, सोनभद्र

दिनांक 29.05.2024

# काव्यांजलि
2531

दिन गुरुवार

आपका दिन शुभ हो।

विषय- पर्यावरण

पाठ - 4

भाग- 01

## हमारा भोजन

जिसे हम खाते हैं,
जिससे ऊर्जा पाते हैं।
जिससे हमारा पोषण होता है,
वही तो हमारा भोजन होता है।।



स्वस्थ रहने के लिए,
जीवन में सफल होने के लिए।
सन्तुलित भोजन करना चाहिए,
जिसमें सभी तत्व रहना चाहिए।।

रोगों से रक्षा होती है,
प्रतिरोधक क्षमता में वृद्धि होती है।
जब हम सन्तुलित भोजन खाते है,
स्वस्थ जीवन को पाते है।।



प्रोटीन से वृद्धि होती है,
खनिज विटामिन रक्षा होती है।
वसा से ऊर्जा मिलती है,
कार्बोज से ताकत बढ़ती जाती है।।



रचना
सुमन मौर्या
प्रा० वि० डेरवाँखुर्द
चहनियाँ, चंदौली

शिक्षा का उत्थान
मिशन शिक्षण संवाद
शिक्षक का सम्मान।
दिनांक 30 मई 2025
काव्यांजलि
2532
दिन शुक्रवार
आपका दिन शुभ हो।

## विषय- इतिहास (कक्षा- 7)

## पाठ- 7 (प्रकरण- बहमनी वंश)

हसन गंगू ने बहमनी,
राज्य की नींव डाली।
मोहम्मद बिन तुगलक का,
वह था एक अधिकारी।।



गुलबर्गा राजधानी इसकी,
फिरोजशाह शासक महान।
दरबार में थे न्यायप्रिय,
विद्यानुरागी, योग्य विद्वान।।

राज्य था सम्पूर्ण उत्तरी,
दक्कन से कृष्णा नदी तक।
महमूद गवा वजीर था,
यहाँ का प्रसिद्ध प्रशासक।।

बीजापुर, बरार, बीदर,
अहमदनगर, गोलकुण्डा।
15 वीं शताब्दी में वंश,
इन पाँच राज्यों में बँटा था।।

रचना
ज्योति विश्वकर्मा (स०अ०)
उ० प्रा० वि० जारी 1
बड़ोखर खुर्द, बाँदा



# काव्यांजलि
## 2533

दिनांक
31 मई 2025

दिन
शनिवार

आपका दिन शुभ हो।

पाठ- 06
भाग- 01

कक्षा -4 विषय- भूगोल (पर्यावरण)

# जीव-जन्तुओं की उपयोगिता

हमारे दैनिक जीवन के लिए,
जीव-जन्तु महत्वपूर्ण होते हैं।
दैनिक जीवन की अनेकों वस्तुएँ,
हम इनसे प्राप्त करते हैं।।




गाय, भैंस और बकरी से,
हमें दूध प्राप्त होता है।
जो पौष्टिकता के साथ-साथ,
स्वास्थ्यवर्धक भी होता है।।

मुर्गी और बतख से हमें,
अण्डा प्राप्त होता है।
भेड़ से प्राप्त ऊन का उपयोग,
स्वेटर बनाने में होता है।।

ऊन, रेशम और लाख हमें,
जीव-जन्तुओं से प्राप्त होती है।
कृषि कार्य और परिवहन मे भी,
जानवरों की उपयोगिता होती है।।

रचना-
मृदुला वर्मा (स०अ०)
प्रा० वि० अमरौधा प्रथम
क्षेत्र- अमरौधा, जनपद- कानपुर देहात





# काव्यांजलि की कविताएँ, मई 2025



## मिशन शिक्षण संवाद

2507- गुरुवार, 01 मई, 2025,नैतिक शिक्षा, ज्योति सागर, बागपत
2508- शुक्रवार, 02 मई, परिवेशीय पेड़-पौधे, डॉ. नीतू शुक्ला, उन्नाव
2509- शनिवार, 03 मई, मिठाई, शहनाज़ बानो, चित्रकूट
2510- सोमवार, 05 मई, पौधों में पोषण, भगवती, हाथरस
2511- मंगलवार, 06 मई, क्रोमैटोग्राफ़ी, नीतू सिंह, एटा
2512- बुधवार, 07 मई, अपना स्थान स्वयं बनाइये, सुषमा त्रिपाठी, गोरखपुर
2513- गुरुवार, 08 मई, वर्गमूल ज्ञात करना, जुगल किशोर त्रिपाठी झाँसी
2514- शुक्रवार, 09 मई, विषुवत रेखीय प्रदेश, रुखसाना बानो, मिर्ज़ापुर
2515- शनिवार, 10 मई, बैंगनी जोजो, पुष्पा पटेल, चित्रकूट
2516- सोमवार, 12 मई, लम्ब वृत्तीय बेलन का सम्पूर्ण पृष्ठ, सुमन सिंह, सोनभद्र
2517- मंगलवार, 13 मई स्थानीय स्वशासन, मृदुला वर्मा, कानपुर देहात
2518- बुधवार, 14 मई, टैगा प्रदेश, अरविन्द कुमार सिंह, वाराणसी
2519- गुरुवार, 15 मई, ज्यामिति पढ़ने का उद्देश्य, जुगल किशोर त्रिपाठी
2520- शुक्रवार, 16 मई, तीन दोस्त, पुष्पा पटेल, चित्रकूट
2521- शनिवार, 17 मई, वाराणसी की यात्रा, सुधांशु श्रीवास्तव, फतेहपुर
2522- सोमवार, 19 मई, सदाबहार वन* रुखसाना बानो, मीरजापुर
2523- मंगलवार, 20 मई, घनमूल, सुमन सिंह, सोनभद्र
2524- बुधवार, 21 मई, केन्द्र शासित राज्य, राज कुमार शर्मा, चित्रकूट
2525- गुरुवार, 22 मई, आँख, नीतू सिंह, एटा
2526- शुक्रवार, 23 मई, हमारा परिवार bhag- 1, मंजू शर्मा, हाथरस
2527- शनिवार, 24 मई, नगर निकाय, मृदुला वर्मा, कानपुर देहात
2528- सोमवार, 26 मई, जीव-जगत, सुधांशु श्रीवास्तव फतेहपुर
2529- मंगलवार, 27 मई, रीना का दिन, शहनाज़ बानो चित्रकूट
2530- बुधवार, 28 मई, प्रकृति, संरक्षण, डॉ० शालिनी गुप्ता सोनभद्र
2531- गुरुवार, 29 मई, हमारा भोजन, सुमन मौर्या चन्दौली
2532- शुक्रवार, 30 मई, बहमनी वंश, ज्योति विश्वकर्मा, बाँदा
2533- शनिवार 31 मई, जीव जन्तुओं की उपयोगिता, मृदुला वर्मा, कानपुर देहात

संकलन कर्ता :- राज कुमार शर्मा, चित्रकूट

